# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**दिनांक- 17.04.2026**

## मिशन शक्ति 5.0-अलीगंज में शक्ति का संदेश, बच्चों को सशक्त बनाने का अनूठा अभियान

***थाना अलीगंज टीम द्वारा सुभाष चंद्र डिग्री कॉलेज में महिलाओं एवं बच्चियों को मिशन शक्ति के तहत पिंक बूथ, पिंक स्कूटी, हेल्पलाइन नंबरों और साइबर अपराध से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देकर बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए किया गया जागरूक।***

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक, 01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### अयोजक/आयोजन स्थल

- महिला उपनिरीक्षक प्रगति सिंह, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- उपनिरीक्षक रवींद्र नाथ प्रजापति, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- सुभाष चंद्र डिग्री कॉलेज चौकी क्षेत्र पुरनिया थाना अलीगंज जनपद लखनऊ।

### प्रतिभाग-

- महिला उपनिरीक्षक प्रगति सिंह, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला उपनिरीक्षक शिवानी मिश्रा, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- उपनिरीक्षक रवींद्र नाथ प्रजापति, थाना अलीगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- सुभाष चंद्र डिग्री कॉलेज चौकी क्षेत्र पुरनिया थाना अलीगंज जनपद लखनऊ में महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक किया गया।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

थाना अलीगंज टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत दिनांक 17.04.2026 को सुभाष चंद्र डिग्री कॉलेज चौकी क्षेत्र पुरनिया थाना अलीगंज जनपद लखनऊ में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम महिलाओं एवं बच्चो को उनकी सुरक्षा और अधिकारों से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने उपस्थित लोगों को तत्काल सहायता के लिए बने विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों - जैसे पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1090, वूमेन पावर लाइन 181, एवं साइबर की हेल्पलाइन 1930 से अवगत कराया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

***मिशन शक्ति- थाना मदेयगंज टीम द्वारा थानाक्षेत्र मदेयगंज मे भिष्टी टोला नियर जलेलिया इंटर कॉलेज बीट भांडू टोला क्षेत्र में रहने वाले झुग्गी छोपडी वालों को आगजनी की घटनाओं से बचाव हेतु विशेष रूप से जागरूक किया गया।***

**महिलाओ एव बच्चियों को हेल्पलाइन नबरों की जानकारी देकर उन्हें आत्मविश्वास एव सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।**

**दिनांक: 17.04.2026**

लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित *"मिशन शक्ति"* अभियान महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त पहल है। यह अभियान महिलाओं को उनकी शक्ति का एहसास कराता है और समाज में समानता, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहित करता है।

**आयोजन का विवरण:**

- म0हे0का0 पूनम सिंह थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0हे0का0 वर्तिका चतुर्वेदी थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का सुमन थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का आंचल सिंह थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का आशा थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- थानाक्षेत्र मदेयगंज मे भिष्टी टोला नियर जलेलिया इंटर कॉलेज बीट भांडू टोला क्षेत्र

**आयोजक टीम:**

- म0हे0का0 पूनम सिंह थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0हे0का0 वर्तिका चतुर्वेदी थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का सुमन थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का आंचल सिंह थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0का आशा थाना मदेयगंज, लखनऊ कमिश्नरेट।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

## मिशन शक्ति 5.0- हर कदम पर सुरक्षा, हर हाथ में शिक्षा, हर महिला का अपना अधिकार।

***थाना बिजनौर टीम द्वारा जल साईनाथ मंदिर परवर पश्चिम थाना बिजनौर जनपद लखनऊ में जाकर (महिलाओं और बच्चो) को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक।***

**दिनांक- 17.04.2026**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना बिजनौर द्वारा जल साईनाथ मंदिर परवर पश्चिम थाना बिजनौर में जनपद लखनऊ में जाकर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

**आयोजक/ अयोजन स्थल**

- महिला उप-निरीक्षक आराधना वर्मा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी अमृता प्रतिभा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- थाना बिजनौर क्षेत्र के अंतर्गत **जल साईनाथ मंदिर परवर पश्चिम थाना बिजनौर** में।

**प्रतिभाग-**

- महिला उप-निरीक्षक आराधना वर्मा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी अमृता प्रतिभा, थाना बिजनौर, लखनऊ कमिश्नरेट
- थाना बिजनौर क्षेत्रान्तर्गत **जल साईनाथ मंदिर परवर पश्चिम थाना बिजनौर जनपद लखनऊ में** जाकर ग्रामीण महिलाओं व बालिकओं को किया गया जागरूक।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

थाना बिजनौर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 17.04.2026 को जल साईनाथ मंदिर परवर पश्चिम थाना बिजनौर में जनपद लखनऊ थाना बिजनौर में में जाकर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया।

इस अभियान के दौरान थाना बिजनौर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम माती में महिलाओं और बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति सजग किया गया। राहगीर महिलाओं और बच्चों को महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस नोट सं0-617

दिनांक 17.04.2026

जोन- दक्षिणी/थाना- बंथरा

**थाना बंथरा क्षेत्र के जुनाबगंज मोहनलालगंज रोड ग्राम पहाड़पुर पर बने एटीएम बूथ से तोड़फोड़ कर एटीएम में रखे रुपये चोरी करने के प्रयास करने वाले 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार।**

- थाना बंथरा पुलिस टीम की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही
- सीसीटीवी फुटेज व मुखबिर सूचना से अभियुक्त तक पहुँची पुलिस
- घटना में प्रयुक्त सब्बल, ग्लेण्डर मशीन, मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद
- कर्ज के दबाव में आकर एटीएम लूट की योजना बनाई थी अभियुक्त ने
- गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा गया
- थाना बंथरा पुलिस टीम की सफलता।

**01-कार्यवाही विवरण-**

दिनांक 11.04.2026 को वादी श्री शौर्य श्रीवास्तव पुत्र महेन्द्र श्रीवास्तव निवासी ग्राम पहाड़पुर थाना बंथरा, जनपद लखनऊ द्वारा थाना बंथरा पर लिखित तहरीर दी गई कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में एटीएम बूथ में घुसकर चोरी के इरादे से एटीएम मशीन को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त किया गया है।

प्राप्त तहरीर के आधार पर **थाना बंथरा पर मु0अ0सं0 95/2026 धारा 324(5) बीएनएस बनाम अज्ञात** पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।

विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा **सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण एवं मुखबिर खास की सूचना के आधार पर** दिनांक 16.04.2026 को समय करीब 23:30 बजे ड्रीम ग्रीन सिटी धाँवापुर क्षेत्र से अभियुक्त गुलसन पुत्र मैकूलाल गौतम निवासी जनपद उन्नाव (हाल पता बंथरा, लखनऊ) को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त कि निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सं UP 32QS5384 व हेल्मेट जिस पर आगे Hero तथा हेल्मेट के पीछे की ओर AERO लिखा है तथा काला पिठ्ठु बैग एवं मोटरसाइकिल की डिग्गी में ग्लेंडर मशीन रखी मिली तथा अभियुक्त द्वारा घटना में प्रयुक्त सब्बल( लोहे का सरिया) बरामद किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त गुलशन उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है।

**02-घटना का संक्षिप्त विवरण –**

वादी का व्यापारिक काम्पलेक्स जुनाबगंज मोहनलाल रोड थाना बंथरा लखनऊ में है जहाँ वादी अपनी दुकाने किराये पर देते हुए स्वयं हिटाची का ही ए.टी.एम बूथ चलाता है। दिनांक 10.04.2026 को वादी ए.टी.एम. बूथ को हमेशा की तरह रात्रि 10 बजे तक रहा और फिर पहाड़पुर स्थित अपने घर चला गया जब दिनांक 11.04.2026 को पुनः करीब 5 बजे ए.टी.एम. बूथ पर आया तो देखा कि उपरोक्त ATM क्षतिग्रस्त है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

**प्रेस नोट सं0-618**
**दिनांक-17.04.2026**

**जोन-दक्षिणी/थाना-मोहनलालगंज**

- **नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

**01-कार्यवाही-**

श्रीमान पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट लखनऊ श्री अमरेन्द्र सिंह सेंगर के निर्देशानुसार अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपायुक्त दक्षिणी श्री अमित कुमार आनन्द के कुशल पर्यवेक्षण व अपर पुलिस उपायुक्त श्री रल्लापल्ली बसंथ कुमार तथा सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज श्री विकास कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक मोहनलालगंज श्री ब्रजेश कुमार द्वारा गठित टीम द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला गिरफ्तार।

**02-घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 15.04.20226 को शिकायतकर्ता द्वारा सूचना दिया गया कि दिनांक 11.04.2026 को प्रार्थी अपने परिवार के साथ दिव्यांशी ढाबा (जो बन्द है) पर खाना पीना खाकर सो गया। रात्रि समय लगभग 02 बजे प्रार्थी की नींद खुली तो देखा कि प्रार्थी की पुत्री आयु लगभग 15 वर्ष गायब है। जिसकी खोजबीन शुरु की नाते-रिश्तेदारों व परिचितो के यहां जानकारी की किन्तु कहीं भी प्रार्थी की पुत्री की कोई जानकारी नहीं मिली। दिनांक 12.04.2026 को दोपहर एक परिचित द्वारा जानकारी दी गई कि सुभाष पुत्र अमरेश निवासी ग्राम बक्तौरी खेड़ा थाना निगोहां जिला लखनऊ द्वारा मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है।

इस सूचना पर थाना मोहनलालगंज पर तत्काल मु0अ0सं0 145/26 धारा 87/137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पीड़िता की बरामदगी व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया था।

दिनांक 16.04.2026 को पीड़िता की सकुशल बरामदगी की गयी व अभियुक्त अमरेश को दिनांक 16.04.2026 समय करीब 19.20 बजे थाना मोहनलालगंज से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को आज दिनांक 17.04.26 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

**03-गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.सुभाष पुत्र अमरेश रावत निवासी बख्तौरीखेड़ा थाना मोहनलालगंज जनपद लखनऊ उम्र करीब 20 वर्ष

**04-पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

1. मु0अ0सं0 145/26 धारा 87/137(2) बीएनएस थाना मोहनलालगंज कमिश्नरेट लखनऊ।

**05-गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 श्री निमेश दूबे
2. का0 अमरजीत